# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
## शोध उपाधि समिति की प्रथम बैठक
## दिनांक 30, दिसम्बर, 2019 का कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| समय– | अपराहन् 01.00 बजे |
| स्थान– | सभागार, पंचम तल, प्रशासनिक भवन, विश्वविद्यालय। |

उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय की शोध उपाधि समिति की प्रथम बैठक विश्वविद्यालय के पंचम तल स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के चार विभागों से प्राप्त विभागीय शोध समिति की आख्या एवं संस्तुति पर प्रकरणवार सम्यक् विचारोपरान्त निम्नलिखित निर्देश/अनुमोदन प्रदान किये गये :

| क्रम संख्या | कार्यवाही |
|---|---|
| 1/1 | **सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग में विभागीय शोध समिति द्वारा दिनांक 18 दिसम्बर 2019 को आहूत बैठक के निर्गत कार्यवृत्त पर विचार।** |
| | **निर्णयः–** विश्वविद्यालय के पी0–एच0डी0 आध्यादेश 2018 में वर्णित व्यवस्थानुसार सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की विभागीय शोध समिति (डी0आर0सी0) गठित न होने के कारण दिनाँक 18.12.2019 को सम्पन्न डी0आर0सी0 की बैठक को निष्प्रभावी करार देते हुए सम्बन्धित विभाग के संयोजक को डी0आर0सी0 नियमानुसार पुर्नगठित कराये जाने हेतु शोध उपाधि समिति द्वारा निर्देशित किया गया। |
| 2/1 | **गणित एवं सांख्यिकी विभाग में विभागीय शोध समिति द्वारा दिनांक 17 दिसम्बर 2019 को आहूत बैठक के निर्गत कार्यवृत्त पर विचार।** |
| | **निर्णयः–** गणित एवं संख्यिकी विभाग में विभागीय शोध समिति की दिनाँक 17.12.2019 को सम्पन्न हुई बैठक में लिये गये निर्णयों से अवगत होते हुए आर0डी0सी0 ने निम्नांकित बिन्दुओं पर स्वीकृति प्रदान की।<br>(क) डी0आर0सी0 द्वारा अनुशंसित पर्यवेक्षकों और सह–पर्यवेक्षकों के आवंटन को स्वीकृति प्रदान की गयी।<br>(ख) डी0आर0सी0 द्वारा अनुशंसित शोधार्थियों के शीर्षक एवं उनके शोध की संक्षिप्त रूप रेखा को अनुमोदित किया गया।<br>(ग) डी0आर0सी0 द्वारा अनुशंसित विभागीय शोधार्थियों यथा–सुश्री शैलजा पांडे और श्री लालपविमावा के प्री–सबमिशन सेमिनार सम्पन्न कराने हेतु प्रदत्त स्वीकृति से अवगत होते हुए सहमति व्यक्त की। |
| 3/1 | **भौतिक विज्ञान विभाग में विभागीय शोध समिति द्वारा दिनांक 09 दिसम्बर 2019 को आहूत बैठक के निर्गत कार्यवृत्त पर विचार।** |
| | **निर्णयः–** भौतिक विज्ञान विभाग की विभागीय शोध समिति द्वारा निम्नलिखित तीन शोधार्थियों के प्रकरण में आख्या एवं सस्तुति प्रेषित की गयी जिन पर सम्यक् विचारोपरान्त निम्नलिखित निर्देश/अनुमोदन प्रदान किये गये :<br>(क) श्री विमलेश गुप्ता, पी0–एच0डी0 शोध छात्र भौतिक विज्ञान विभाग पंजीकरण सं0–Ph.D-PHY/2017-18/02 पंजीकरण तिथि 19.08.2017 के सम्बन्ध में विभागीय शोध समिति द्वारा दी गयी आख्या एवं संस्तुति पर अनुमोदन प्रदान करते हुए शोधार्थी को "Quantum Mechanical Study of Electronic Structure and Properties of Some Biologically Active Moleclular Systems" शीर्षक पर डॉ0 अशोक कुमार मिश्र, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान के निर्देशन में शोध कार्य हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>(ख) श्री सत्य प्रकाश तिवारी शोध छात्र भौतिक विज्ञान विभाग, पंजीकरण सं0–Ph.D-PHY/2016-17/06 पंजीकरण तिथि 31.08.2016 के सम्बन्ध में विभागीय शोध समिति द्वारा प्रस्तुत आख्या एवं संस्तुति पर अनुमोदन प्रदान किया गया। विभागीय शोध समिति द्वारा प्रदत्त संस्तुति के क्रम में उक्त शोधार्थी के सम्पादित Pre-submission Viva (PSV) Presentation की आख्या एवं |

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ

30/12/19
समन्वयक
शोध उपाधि समिति

(प्रो० आर.के.पी. सिंह)
कुलपति
डॉ. शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय

| | |
|---|---|
| | संस्तुतियों दृष्टिगत इन्हें "Computational Study of Some Naturally Occurring Biomolecules" शोध शीर्षक पर डॉ0 अशोक कुमार मिश्र, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान के निर्देशन में पी0–एच0डी0 शोध प्रबन्ध मूल्यांकन हेतु शोध अनुभाग (परीक्षा नियंत्रक कार्यालय) में जमा करने हेतु अनुमति प्रदान की गयी।<br>(ग) श्री कपिल पाण्डेय, शोध छात्र भौतिक विज्ञान विभाग, पंजीकरण सं0–Ph.D-PHY/2016-17/05 पंजीकरण तिथि 29.08.2016 के सम्बन्ध में विभागीय शोध समिति द्वारा प्रस्तुत आख्या एवं संस्तुति पर अनुमोदन प्रदान किया गया। विभागीय शोध समिति द्वारा प्रदत्त संस्तुति के क्रम में उक्त शोधार्थी के सम्पादित Pre-submission Viva (PSV) Presentation की प्रस्तुत आख्या के अवलोकन से आर0डी0सी0 को ज्ञात हुआ कि सम्बन्धित शोधार्थी के पर्यवेक्षक द्वारा डी0आर0सी0 की बैठक के उपरान्त PSV के आख्या प्रारूप में अंकित कुछ प्रविष्टियों को काटकर अनुचित रूप से परिवर्तित किया गया जिसका संज्ञान लेते हुए आर0डी0सी0 ने विभागीय शोध समिति के स्पष्ट अभिमत के साथ इस प्रकरण को आर0डी0सी0 की आगामी बैठक में पुनः प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। |
| 4/1 | **समाजशास्त्र, सामाजिक विज्ञान एवं समाज कार्य विभाग में विभागीय शोध समिति द्वारा दिनांक 26 नवम्बर 2019 को आहूत बैठक के निर्गत कार्यवृत्त पर विचार।** |
| | **निर्णयः–** समाजशास्त्र, सामाजिक विज्ञान एवं समाज कार्य विभाग की दिनांक 26.11.2019 को सम्पन्न हुई विभागीय शोध समिति की बैठक में निर्णीत बिन्दुओं के सम्बन्ध में प्रस्तुत आख्या एवं संस्तुति पर शोध उपाधि समिति द्वारा प्रार्थित अनुमोदन निम्नवत् रूप में प्रदान किया गया।<br>(क) विश्वविद्यालय की सामान्य परिषद् एवं कार्यपरिषद् द्वारा प्रदत्त निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए विभाग के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य पाठ्यक्रम में पंजीकृत कुल 30 शोधार्थियों में से 18 शोधार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार रू0 100/– के गैर–न्ययिक स्टांप पेपर के निर्धारित प्रारूप की समस्त प्रविष्टयों को पूर्ण रूप से भरकर वांछित शपथ–पत्र समस्त आवश्यक प्रपत्रों के साथ जमा किये गये। इन 18 शोधार्थियों में से 16 शोधार्थियों के प्रवेश को विभागीय शोध समिति ने विश्वविद्यालय के निर्धारित मानकानुसार सही पाया।<br>समाज कार्य पाठ्यक्रम में डॉ0 रूपेश कुमार सिंह, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, समाज कार्य के निर्देशन में कार्यरत् शोधार्थी श्री भूपेन्द्र कुमार सिंह के पी0–एच0डी0 में प्रवेश के प्रकरण को आगामी डी0आर0सी0 की बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया गया जिसमें शोधार्थी को स्वयं उपस्थित होकर अपने प्रवेश तथा अनापत्ति सम्बन्धी प्रपत्रो को प्रस्तुत किये जाने हेतु अवसर प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया जबकि समाजशास्त्र विषय के शोधार्थी श्री राजेश इस्सर का प्रवेश नियमानुकूल नहीं पाया गया क्योंकि उन्होने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पी0–एच0डी0 प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित व सफल हुए बगैर ही प्रवेश प्राप्त किया था अतः इससे संज्ञानित होते हुए शोध उपाधि समिति द्वारा उनके प्रवेश को निरस्त करने का निर्णय लिया गया।<br>(ख) दिनांक 16.11.2018 को समाजशास्त्र, सामाजिक विज्ञान एवं समाज कार्य विभाग में सम्पन्न विभागीय शोध समिति की बैठक विश्वविद्यालय द्वारा इस सम्बन्ध में दिनांक 16.11.2018 को निर्गत कार्यालय–ज्ञाप की अहवेलना करते हुए की गयी थी अतः इसका संज्ञान लेते हुए शोध उपाधि समिति द्वारा डी0आर0सी0 की उक्त बैठक को अमान्य करार देते हुए डी0आर0सी0 की आहूत की जाने वाली आगामी बैठक में पात्र शोधार्थियों को शोध की संक्षिप्त रूपरेखा (Synopsis) तथा अन्य महत्पूर्ण बिन्दुओं पर पुर्नविचार किया जाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>(ग) समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विषय में अध्ययपनरत समस्त नियमित शिक्षक चूंकि तीन वर्ष का अध्ययपन अनुभव रखते है तथा सभी पी0–एच0डी0 उपाधि धारक है अतः उन्हें विभागीय शोध समिति द्वारा आंवटित (दिनांक 16.11.2018 की डी0आर0सी0 बैठक को छोड़कर) शोधार्थियों (शोध की संक्षिप्त रूपरेखा को स्वीकार करते हुए ) के निर्देशक के रूप में आर0डी0सी0 द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>(घ) श्री यशार्थ मंजुल, शोध छात्र, समाजशास्त्र (पंजीयन सं0.–Ph-D SOC/2014-15/05 पंजीकरण तिथि 28.07.2014) के सम्बन्ध में विभागीय शोध समिति द्वारा प्रस्तुत आख्या एवं संस्तुति पर अनुमोदन प्रदान किया गया। विभागीय शोध समिति द्वारा प्रदत्त संस्तुति के क्रम में प्री–सब्मिशन सेमीनार के सकारात्मक आख्या एवं संस्तुति के दृष्टिगत श्री यशार्थ मंजुल को उनके शोध शीर्षक "Disability in Indian National Cinema : A Sociological Study" पर डॉ0 हिमांशु शेखर झा, आचार्य समाजशास्त्र के निर्देशन में अपना शोध प्रबन्ध मूल्यांकन हेतु शोध अनुभाग (परीक्षा नियंत्रक कार्यालय) में जमा कराने की अनुमति आर0डी0सी0 द्वारा प्रदान की गयी। |

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ

30/11/19
समन्वयक
शोध उपाधि समिति

(प्रो० ए.पी. सिंह)
कुलपति
डॉ. शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ

| | |
|---|---|
| 5/1 | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु। |
| | अन्य किसी बिन्दु के न आने से बैठक में उपस्थित सदस्यगण को धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त हुई। |

([illegible] कुमार सिंह)
कुलसचिव
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ

30/XI/19
समन्वयक
शोध उपाधि समिति

(प्रो० आर.के.पी. सिंह)
कुलपति
डॉ. शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ